भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3685
दिनांक 09.08.2016/18 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

हिन्दी अधिकारी

3685. श्री कौशलेन्द्र कुमारः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसी सूचनाएं है कि विभिन्न मंत्रालयों, निगमों और सरकारी उपक्रमों में हिन्दी से संबंधित कार्य नियमित राजभाषा हिन्दी अधिकारियों के स्थान पर प्राधिकृत हिन्दी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) मंत्रालयों, सरकारी उपक्रमों और स्वायत्त निकायों में कितने नियमित और प्राधिकृत हिन्दी अधिकारी है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

(क): केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारी/कर्मचारी सभी मंत्रालयों/विभागों तथा अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात हैं। बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य अधीनस्थ कार्यालयों के पास उनके अपने राजभाषा/हिन्दी अधिकारी हैं। तथापि, कुछ अपवादात्मक मामलों में हिन्दी/राजभाषा अधिकारियों की अनुपलब्धता के मामले में संबंधित कार्यालय के प्रमुख कुछ अन्य अधिकारियों को राजभाषा से संबंधित कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकते हैं। इस विभाग में ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है कि मंत्रालयों, निगमों तथा सरकारी उपकमों में नियमित राजभाषा/हिन्दी अधिकारी के स्थान पर हिन्दी से संबंधित कार्य प्राधिकृत हिन्दी अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठते।